व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, भोपाल

"चयन भवन" मेन रोड नं. 1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल–462011

भोपाल, दिनांक 13.06.2014

/प्रेस विज्ञप्ति/

म0प्र0शासन खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अधीन खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय के अंतर्गत कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी तथा नियंत्रक, नापतौल, म0प्र0 के अंतर्गत निरीक्षक नापतौल के पदों पर भर्ती हेतु विभाग के अनुरोध पर व्यापम द्वारा आयोजित की गयी। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एवं निरीक्षक, नापतौल भर्ती परीक्षा 2012 के अंतर्गत अनियमितता परिलक्षित होने के उपरांत थाना स्पेशल टास्क फोर्स, भोपाल में अपराध प्रकरण क्रमांक 15/13 पंजीबद्ध किया गया। सहायक पुलिस महानिरीक्षक, स्पेशल टास्क फोर्स, म0प्र0, भोपाल द्वारा पत्र क्रमांक समनि/एसटीएफ/एचक्यू 789/2014 निरंक जो व्यापम को दिनांक 09.06.2014 को प्राप्त हुआ, के माध्यम से यह अवगत कराया गया कि कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एवं निरीक्षक, नापतौल भर्ती परीक्षा 2012 में सम्मिलित 16 अभ्यर्थियों की व्यापम के स्ट्रांग रूम से जप्त ओ0एम0आर0 उत्तर शीट की राज्य परीक्षक प्रश्नास्पद प्रलेख (क्यूडी) पुलिस मुख्यालय, भोपाल से जांच कराए जाने पर उत्तर शीट्स में अलग अलग स्याही से गोले भरे जाने संबंधी जानकारी प्राप्त हुई हैं।

2. सहायक पुलिस महानिरीक्षक, स्पेशल टास्क फोर्स, मुख्यालय, भोपाल के उपरोक्त संदर्भित पत्र में उल्लेखित तथ्यों के आधार पर 16 अभ्यर्थियों को कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एवं निरीक्षक, नापतौल भर्ती परीक्षा 2012 की नियम पुस्तिका की **कंडिका 2.11** के तहत यू0एफ0एम0 प्रकरण मान्य करते हुए इनका परीक्षा परिणाम तत्काल प्रभाव से निरस्त किया गया है। व्यापम द्वारा जारी आदेश एवं अभ्यर्थियों की सूची व्यापम की वेबसाईट पर अपलोड की जा रही है ।

13/6/14
जनसंपर्क अधिकारी

व्यावसायिक परीक्षा मंडल

भोपाल